# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर

## सम्पदा कार्यालय

**[(कक्ष सं.101डी, संकाय भवन) फोन नं. 0512-259-7166/7327 & Email: eoffice@iitk.ac.in]**


**<u>नीलामी सूचना संख्या: 27/2022-23</u>**

दिनांक: 22.11.2022

निदेशक, भा.प्रौ.सं. कानपुर की ओर से 'जैसा है जहां है' के आधार पर संस्थान के उद्यान विभाग में रखी हुई विभिन्न प्रकार की **<u>जालौनी लकड़ियों</u>** की नीलामी हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक व्यक्ति जो इस खुली बोली प्रक्रिया में भाग लेना चाहते है वे पूर्ण रूप से भरी गई निविदा व अन्य संलग्नको के साथ **<u>संस्थान के सम्पदा कार्यालय में दिनांक 13.12.2022 को अपराह्न 4.00 बजे तक</u>** जमा कर सकते है। प्राप्त निविदा प्रपत्रों की सत्यता के उपरांत ही बोली लगाने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

खुली बोली की तिथि व समय व स्थान की घोषणा बोलीदाता को अलग से सूचित की जाएगी।

निविदा प्रपत्र संस्थान की वैबसाइट www.iitk.ac.in/estateoffice/tender से डाउनलोड किया जा सकता है।

ह.
प्रभारी अधिकारी (सम्पदा)

**प्रतिलिपि:**

1- उपनिदेशक
2- डीन, प्रशासन
3- अधीक्षण अभियंता, सं. नि. वि. – व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु
4- सूचना पट्ट
5- वैबसाइट

**पात्रता संबंधी शर्तें**

1. बोलीदाता पिछले तीन वर्षो से यह कार्य कर रहा हो।
2. बोलीदाता की वित्तीय स्थिति बेहतर होनी चाहिए।
3. जी.एस.टी. नंबर/पंजीकरण प्रमाणपत्र होना चाहिए।

**निविदा संबन्धित अनिवार्य संलग्नक**

1. अनुभव प्रमाणपत्र
2. पिछले एक साल का बैंक विवरण
3. विगत वर्ष का आयकर रिटर्न
4. जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाणपत्र, आयकर पंजीयन प्रमाणपत्र और आधार कार्ड की छायाप्रति

## नीलामी की अन्य नियम व शर्तें

1. **इस नीलामी की न्यूनतम आरक्षित मूल्य ₹3,92,000/- है।** इससे कम की बोली को स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।
2. नीलामी मे भाग लेने के इच्छुक बोलीदाता को **बयाने के रूप में ₹40,000/- का बैंक ड्राफ्ट/एफ़डीआर "रजिस्ट्रार, आई.आई.टी. कानपुर" के पक्ष में निर्गत हो की मूल प्रति निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय तक "सम्पदा कार्यालय, आई.आई.टी. कानपुर" में जमा करना अनिवार्य है।** उपरोक्त निर्धारित राशि के बैंक ड्राफ्ट/एफ़डीआर की मूल प्रति तय तिथि व समय तक प्राप्त नहीं होने की स्थिति में संबन्धित निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. खुली निविदा द्वारा नीलाम की जाने वाली लकड़ियों का विस्तृत विवरण व फोटोग्राफ अनुलग्नक-1 में उपलब्ध है तथा सभी जालौनी लकड़ियाँ संस्थान के उद्यान विभाग में रखी हुई है। इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि निविदा में भाग लेने से पूर्व उक्त लकड़ियो का भौतिक निरीक्षण अवश्य कर ले। भौतिक निरीक्षण के लिए इच्छुक बोलीदाता "सम्पदा कार्यालय, आई.आई.टी. कानपुर, फोन 0512-259-7166/7327", पर संपर्क कर निविदा जमा करने की अंतिम तिथि के एक कार्यदिवस पहले तक पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे के मध्य उक्त लकड़ियों का निरीक्षण कर सकते हैं।
4. नीलामी मौके पर खुली बोली प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी जो की आरक्षित मूल्य से ऊपर, न्यूनतम ₹2,000/- के बढ़ते क्रम में होगी तथा नीलामी सफल उच्चतम बोली लगाने वाले बोलीदाता को प्रदान की जाएगी।
5. सफल उच्चतम बोली लगाने वाले बोलीदाता को उक्त लकड़ियाँ "जैसे है जहां है" के आधार पर दी जाएगी।
6. सफल बोलीदाता, जिसकी निविदा को अंतिम रूप से स्वीकार किया जाएगा, को नीलामी की धनराशि संस्थान में बैंक ड्राफ्ट या किसी अन्य डिजिटल भुगतान (digital payment) के माध्यम से निविदा अवार्ड होने के सात दिनो के अंदर जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में बयाने की राशि जब्त कर अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।
7. जी.एस.टी. मौजूदा सरकारी दरों के अनुसार बोलीदाता को अतिरिक्त देय होगा। कोई अन्य कर जो लागू हो का भुगतान भी अतिरिक्त देय होगा।
8. उक्त लकड़ियों की नीलामी की धनराशि संस्थान के खाते में जमा करने के उपरांत ही लकड़ियों को ले जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी। नीलामी की धनराशि जमा करने के 30 दिनों में नीलाम की गई लकड़ियों को ले जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति मे संस्थान की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी।
9. बोलीदाताओं द्वारा जमा किए गए बयाने की राशि का बैंक ड्राफ्ट नीलामी संबन्धित प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत ही वापस किया जाएगा।
10. सफल उच्चतम बोलीदाता को नीलामी की लकड़ियो को संस्थान से ले जाने / काटने इत्यादि संबन्धित सभी खर्च स्वयं बोलीदाता को वहन करना होगा।



बोलीदाता के हस्ताक्षर

11. निविदादाता को राज्य व केंद्र सरकार के वन विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करना होगा तथा निविदादाता को वन अधिनियम के सभी नियमों के अनुसार कार्य करना होगा। यदि राज्य / केंद्र सरकार द्वारा घोषित अधिनियम / नियम के अंतर्गत किसी भी प्रकार की कोई अनुमति/औपचारिकता की आवश्यकता होती है तो निविदादाता उक्त के संबंध में अपने खर्चे पर उक्त अनुमति प्राप्त करेगा। उलंघन की दशा में निविदादाता स्वयं जिम्मेदार होगा।
12. इस नीलामी के अंतर्गत लकड़ियों के विक्रय से संबन्धित सभी प्रकार के शासकीय एवं संवैधानिक परोक्ष/अपरोक्ष कर, चुंगी, नगरपालिका, मंडी, वन विभाग, पारगमन परमिट तथा अन्य किसी प्रकार के कर, सेस, प्रभार इत्यादि का भुगतान निविदादाता को स्वयं वहन करना होगा।
13. लकड़ी काटने, ट्रांज़िट परमिट की व्यवस्था तथा लकड़ी की ढुलाई के लिए परिवहन इत्यादि की व्यवस्था निविदादाता को स्वयं करनी होगी।
14. नीलामी के उपरांत निविदादाता उक्त लकड़ियों की कटाई, पैकिंग, ढुलाई इत्यादि कार्य अपने जोखिम व खर्च पर करना होगा।
15. नीलामी की लकड़ियों को संस्थान परिसर से बाहर ले जाने के लिए दिवस व समय सीमा का निर्धारण सम्पदा कार्यालय द्वारा स्वीकृत होगा। साधारणतः यह अनुमति कार्य दिवस में प्रातः 9 बजे से सायं 5.30 बजे तक होगी। उक्त नीलमी की लकड़ियों को संस्थान परिसर से बाहर ले जाने के लिए गेटपास आवश्यक होगा।
16. लकड़ियों के परिवहन के दौरान यदि संस्थान की किसी संपत्ति को नुकसान होता है तो उक्त नुकसान की भरपाई बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
17. यदि उपरोक्त नीलामी के दौरान / उपरांत उत्पन्न विवाद पारस्परिक विचार विमर्श के द्वारा सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। विवाद के न सुलझाने की स्थिति में इस नीलामी से संबन्धित पक्षकार के आवेदन पर विवाद को माध्यस्थम और सुलह अधिनियम 1996 के प्रावधानों के अनुसार, निदेशन, आईआईटी कानपुर द्वारा नियुक्त एकल मध्यस्थ द्वारा निपटारा किया जाएगा जो की पक्षकारों पर बाध्यकारी होगा। माध्यस्थम और सुलह अधिनियम के उपरांत भी यदि कोई विवाद होता है तो न्याय हेतु कानपुर नगर न्यायालय क्षेत्र में ही मान्य होगा।
18. संस्थान के पास पूर्ण अधिकार सुरक्षित है कि वह किसी अथवा सभी निविदा व बोली को बिना कारण बताए स्वीकार अथवा अस्वीकार करे।
19. नीलामी के दौरान किसी विवाद के संबंध मे संस्थान के निदेशक का निर्णय सभी निविददाताओं को समान रूप से मान्य होगा।

---

मैंने उपरोक्त निविदा कि सभी नियम एवं शर्ते पढ़ ली है तथा यह सभी मुझे पूर्णतया मान्य है।

क्या आपने बयाने की राशि के रूप में ₹40,000/- का बैंक ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. इस निविदा के साथ संलग्न किया है? हाँ / नहीं

यदि 'हाँ' तो ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. संख्या ........................... दिनांक ................................ एवं बैंक का नाम ................................................

---

दिनांक: ................................

बोलीदाता के हस्ताक्षर: ........................................................

बोलीदाता का नाम: ............................................................

बोलीदाता का पता: ............................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

मोबाइल नंबर: .....................................................................



बोलीदाता के हस्ताक्षर

## संस्थान के उद्यान विभाग में रखी हुई विभिन्न प्रकार की जलौनी लकड़ियों का विवरण व छायाचित्र

(इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि उपलब्ध लकड़ियों का भौतिक निरीक्षण करने के उपरांत ही निविदा में भाग ले)

| क्रमांक | जालौनी लकड़ियों के प्रकार | कुल जलौनी लकड़ियाँ (घन मीटर में) |
|---|---|---|
| 1. | यूकेलिप्टस | 11.20 |
| 2. | शीशम | 47.06 |
| 3. | बबूल | 22.62 |
| 4. | अन्य प्रकार की लकड़ियाँ | 471.70 |
| | **कुल योग** | **552.58** |







बोलीदाता के हस्ताक्षर